आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 25.04.2025 समय: 2.10 PM

प्रधानमंत्री आतंकवाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत हर आतंकवादी और उसके मददगारों की पहचान करके उनका पता लगाएगा और दंडित करेगा। उन्होंने कहा कि भारत, दुनिया के किसी भी कोने से उन्हें ढूंढ निकालेगा। श्री मोदी ने कहा कि आतंकवादियों को कतई नहीं बख्शा जाएगा।

सेना प्रमुख जम्मू-कश्मीर दौरा

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए आज सुबह श्रीनगर पहुंचे। सेना प्रमुख को श्रीनगर स्थित 15वीं कोर के सेना के जनरल ऑफिस कमांडिंग ने सुरक्षा स्थिति और क्षेत्र में आतंकवादियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई तथा नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन करने की पाकिस्तानी सेना की कोशिशों के बारे में जानकारी दी । इस बीच, उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा पर नौगाम क्षेत्र में कई जगहों से पाकिस्तानी सेना द्वारा संघर्ष विराम का उल्लंघन किए जाने की खबरें मिली हैं।

आईटी इंडस्ट्री-कॉन्क्लेव

प्रदेश में उद्योगों में निवेश प्रोत्साहन के लिए 27 अप्रैल को इंदौर में आईटी इंडस्ट्री-कॉन्क्लेव आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने बताया कि राज्य सरकार युवा, महिला और किसान के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि सरकार 3 मई को मंदसौर में एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव भी आयोजित करेगी. इसका उद्देश्य किसानों को खेती के लिए नई तकनीक और नवाचारों की जानकारी प्रदान करना है। राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में हरसंभव प्रयास कर रही है।

सतना पौधारोपण

सतना जिले में बरसात में 25 लाख पौधों का रोपण किया जायेगा। नगरीय विकास एवं आवास और सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में हुई कल बैठक में ये निर्णय लिया गया. श्री विजयवर्गीय ने कहा कि कि पौध-रोपण में 5 से 6 फीट बड़े पौधे लगाये जायें, जिससे उनका जीवित रहने की सम्भावना अधिक रहे। बैठक में यह भी बताया गया कि जिले में 695 खेत-तालाब बनाये जा रहे हैं। बैठक में बताया गया कि जिले में इस वर्ष 18 लाख बाँस के पौधे रोपने का कार्यक्रम है।

आत्महत्या पर संगोष्ठी

भारतीय निजी मनोचिकित्सक संघ द्वारा भोपाल में कल से दो दिवसीय मिड टर्म सीएमई का आयोजन किया जा रहा है । मिड टर्म सीएमई का विषय "लोगों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति : समाधान और चुनौतियां" है। आयोजन समिति के चेयरमैन डॉ. आर. एन. साहू ने बताया कि आयोजन में देश के जाने-माने मनोरोग विशेषज्ञ भाग लेंगे।

मौसम

प्रदेश में कल से तीन दिन तक कुछ इलाकों में बारिश का दौर शुरू हो सकता है । पश्चिमी विक्षोभ और ट्रफ की वजह से मौसम में यह बदलाव आ रहा है । हालांकि, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में गर्मी और लू का प्रकोप बना रहेगा । छतरपुर जिले के खजुराहो और नौगांव कल सबसे ज्यादा गर्म रहे। खजुराहो में 44 दशमलव 4 डिग्री और नौगांव में पारा 43 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 13 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है। वहीँ, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर समेत अन्य शहरों में गर्मी रहेगी।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल में आज शाम चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। दोनों टीम फिलहाल अंक तालिका में सबसे नीचे हैं, दोनों ने अपने पहले आठ मैचों में से सिर्फ दो-दो में जीत हासिल की है। इससे पहले कल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने राजस्थान रॉयल्स को 11 रनों से हरा दिया था।

समाचार संक्षेप में....

1. हरदा में नशा मुक्ति अभियान के तहत डिग्री कॉलेज में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

2. शिवपुरी जिले में कल शासकीय आईटीआई केंद्र पर आयोजित रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 14 कंपनियों ने 238 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन किया और 11 अभ्यर्थियों का अप्रेंटिसशिप के लिए चयन किया।

3. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा साप्ताहिक बाजार के दिनों में भी उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया जाएगा, साथ ही राजस्व वसूली भी की जा सकेगी।

नमस्कार